282

282

संख्या– /xxxi(15)2016G-07(रा0सू0आ0)/2015

प्रेषक,

शत्रुघ्न सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1–समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ ।
3–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4–समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादूनः दिनांक 17 ~~जनवरी~~ फरवरी, 2016,

विषयः विभगों में सूचनाओं के स्वः प्रकटन की व्यवस्था किए जाने हेतु विभागीय कार्य कलापों को प्रकट करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपयुर्क्त विषयक उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2012–2013 द्वारा संस्तुति की गई है कि कार्मिक, प्रशिक्षण तथा लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किए गये दिशा–निर्देशों के अनुरुप शासन के समस्त विभागों में सूचनाओं के स्वःप्रकटन की व्यवस्था किए जाने हेतु उन सब विभागीय कार्य–कलापों को चिन्हित कर उससे सम्बन्धित सूचनायें धारा 4(1)(ब) के अनुसार प्रकट करने की कार्यवाही प्रतिवर्ष एक निर्धारित अवधि यथा 30 जून तक करने के निर्देश जारी किये जाय जिससे सभी विभागों की सूचना पारदर्शिता पूर्वक सार्वजनिक संज्ञान में आ जायेगी तथा नागरिकों को पृथक से सूचना मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

2– अतः इस सम्बध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड सूचना आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2012–13 की संस्तुति के कम में प्रत्येक प्रशासकीय विभाग सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 4(1) (ब) के अनुसार वर्षभर के कियाकलापों को चिन्हित कर प्रतिवर्ष 30 जून तक समस्त सूचनायें स्वः प्रकटन करने का कष्ट करें, ताकि नागरिकों को पृथक से सूचना मांगने की आवश्यकता न पडे।

3– प्रत्येक प्रशासकीय विभाग अपने वार्षिक किया–कलापों के चिन्हीकरण करने के उपरान्त प्रत्येक वर्ष 30 जून से पूर्व सूचना सामान्य प्रशासन विभाग को भी एक प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चत करेगे,उक्त निर्देशो का पालन करना सुनिश्चत करें।

भवदीय

(शत्रुघ्न सिंह)
मुख्य सचिव।

संख्या– 232 /xxxi(15)2016G-07(रा०सू०आ०)/2015,तददिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–सचिव,उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून ।

2–मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ मण्डल ।

3–समस्त प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,उत्तराखण्ड।

4–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।

5–गार्ड फाईल।

6–निदेशक राष्ट्रीय सूचना केन्द्र सचिवालय परिसर।

आज्ञा से,

( दिलीप जावलकर )

प्रभारी सचिव